कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

:: आदेश ::

श्री मोहम्मद हनीफ़ तत्कालीन व्याख्याता (चित्रकला) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीलीबंगा (हनुमानगढ) वर्तमान प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय, गोलूवाला, 24 जे. आर.के. ब्लॉक पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ जन्म तिथि 30.12.1982 का राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 1970 के नियम 24(3) के अनुरूप ग्रुप डी–II में संवर्गित विभागीय पदोन्नति समिति बैठक की अभिशंषानुसार प्रधानाचार्य (उमावि) एवं समकक्ष वर्ष 2019–20 की रिक्तियों के विरूद्ध चयनोपरान्त इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/संस्था/बी–2/45002/डीपीसी 19–20/पदस्थापन/2018(3–339) दिनांक 21.06.2019 द्वारा प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, डेढा–सम जिला जैसलमर के पद परं पदस्थापन किया गया था। उक्त आदेश की पालना में श्री हनीफ ने दिनांक 25.06.2019 को प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, डेढा–सम जिला जैसलमर के पद पर कार्यग्रहण किया। स्थानान्तरण के फलस्वरूप गत वर्ष श्री हनीफ ने प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय, गोलूवाला, 24 जे.आर.के. ब्लॉक पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ के पद पर दिनांक 30.09.2019 को कार्यग्रहण किया।

श्री मोहम्मद हनीफ प्रधानाचार्य की स्वयं की प्रार्थना पर इनकी पारिवारिक परिस्थितियों (पुत्र का ऑपरेशन पेट आंत का) प्रतिकूल होने के कारण प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय, गोलूवाला, 24 जे.आर.के. ब्लॉक पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ के पद से पदावनत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाकर इनके पूर्व पद व्याख्याता (चित्रकला) के पद पर पदस्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/मा/संस्था/ए–2–7/पदावन्नत–पदस्थापन/2019–20 दिनांक :05.06.2020

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) शासन सचिवालय, जयपुर
2. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा संभाग मुख्यालय, बीकानेर
3. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, माध्यमिक शिक्षा हनुमानगढ ।
4. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पीलीबंगा–हनुमानगढ को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त आदेश का इन्द्राज श्री मोहम्मद हनीफ की सेवापुस्तिका में लाल स्याही से करें एवं श्री हनीफ को उनके पूर्व पद व्याख्याता (चित्रकला) पद पर पदस्थापन के पश्चात् नवीन पदस्थापन स्थान हेतु कार्यमुक्त करें।
5. प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय, गोलूवाला, 24 जे.आर.के. ब्लॉक पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़
6. अनुभाग अधिकारी, संस्थापन–सी अनुभाग कार्यालय हाजा को व्याख्याता(चित्रकला) के पद पर पदस्थापन हेतु।
7. श्री मोहम्मद हनीफ़ प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय, गोलूवाला, 24 जे.आर.के. ब्लॉक पीलीबंगा ज़िला हनुमानगढ़ को निर्देशित किया जाता है कि वो पदावनत पद व्याख्याता (चित्रकला) पर पदस्थापन आदेश जारी होने के पश्चात् सीधे पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण करेगे।
8. अनुभाग अधिकारी वरिष्ठता अनुभाग ।
9. प्रभारी प्रभाग बी–1/बी–2/बी–3 निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर